तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026


12 प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेशोत्सव ...




12 संयंत्र से नकटा तालाब की सफाई और सीएसआर...










## खबर संक्षेप

### पुलिस ने घायल महिला को पहुंचाया अस्पताल



**लवन**। ग्राम डोंगरीडीह मुख्य मार्ग में बुधवार शाम 5 बजे करीब उर्मिला बाई पति सुखीदास 48 वर्ष ग्राम खरहा थाना कसडोल निवासी ग्राम खरहा से रायपुर जाते वक्त बाइक में बैठी थी, चक्कर खाकर स्वयं गिर गई, जिससे उसके सिर पर चोट आयी, जिसे हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस लवन के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए अस्पताल पहुंचाया। ए एस आई टीका राम ध्रुव, प्रधान आरक्षक महेश्वर वर्मा, आरक्षक महेश निषाद के इस पहल की प्रशंसा की जा रही है।

### तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर 18 से 20 तक

**बलौदाबाजार**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर 18 से 20 जून तक आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी एसडीएम को शिविर के बेहतर अयोजन के निर्देश दिये हैं। शिविर जिले के सभी राजस्व अनुभाग मुख्यालय में आयोजित होंगे। इसके लिये एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। शिविरों में मुख्य रूप से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लिए नए पंजीकरण, त्रुटि सुधार और समस्याओं का त्वरित निवारण संबंधी कार्य किया जाएगा। विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, आयुष्मान वैवंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि के अंतर्गत पंजीयन तथा सुविधा लाभ दिए जाने की कार्यवाही किया जाएगा।

### ग्रामसभा 24 जून को एजेंडे पर होगी चर्चा

**बलौदाबाजार**। जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में 24 जून को ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम सभा हेतु के लिए समय-सारिणी तैयार कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। ग्राम सभा में शतप्रतिशत गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व सरपंच व पंचो का होगा। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत के बजट, विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति एवं प्रगति की समीक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण में शामिल पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन, आवश्यक संशोधन (करेक्शन) तथा प्रतीक्षा सूची के संबंध में भी विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाओं में वीबीजी राम-जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शासन द्वारा निर्धारित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### सुशासन तिहार शिविर में मिले 41 हजार आवेदन, 81 प्रतिशत से अधिक का निराकरण

**बलौदाबाजार**। सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले में 1 मई से 10 जून तक लगभग 52 समाधान शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। इन शिविरों में मांग और शिकायत से सम्बंधित शेष पेज 11 पर

# न्यायालय परिसर में 'मानसून के दूत' सारस पक्षियों का आगमन, प्रकृति प्रेमियों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर इन दिनों न्यायिक गतिविधियों के साथ-साथ प्रकृति के अनोखे नजारे का भी केंद्र बना हुआ है। मानसून की आहट के साथ न्यायालय परिसर के ऊंचे पेड़ों पर सैकड़ों की संख्या में एशियन ओपन बिल स्टॉर्क सारस प्रजाति पक्षियों का आगमन हुआ है। इन पक्षियों की चहचहाहट से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा है, जिससे वकीलों, मुवक्किलों और आम नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, हर वर्ष वर्षा ऋतु के आगमन पर ये पक्षी छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्रों में पहुंचते हैं। इस बार उन्होंने सुरक्षित वातावरण के कारण जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के विशाल वृक्षों को अपना बसेरा बनाया है। पक्षियों ने पेड़ों की डालियों पर घोंसले बनाना भी शुरू कर दिया है, जिससे परिसर का प्राकृतिक सौंदर्य और बढ़ गया है।

पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि एशियन ओपनबिल पक्षियों को 'मानसून के दूत' कहा जाता है। इनका आगमन अच्छी वर्षा का संकेत माना जाता है। कृषि प्रधान क्षेत्रों में किसान इन पक्षियों के आने को शुभ मानते हैं, क्योंकि यह खेती-किसानी के मौसम और बेहतर फसल की संभावनाओं से जुड़ा माना जाता है। सारस पंछी मुख्य रूप से घोंघे, मेंढक तथा छोटे कीट-पतंगों को भोजन के रूप में ग्रहण करता है।

## पंछियों आगमन अच्छी वर्षा का संकेत माना जाता है



### पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील

यही कारण है कि इन्हें किसानों का मित्र भी कहा जाता है, क्योंकि ये फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक जीवों की संख्या नियंत्रित करने में मदद करते हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शारिक खान ने न्यायालय प्रशासन एवं नागरिकों से पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि परिसर में शांति बनाए रखी जाए, ताकि ये पक्षी बिना किसी व्यवधान के अपना प्रजनन काल पूरा कर सकें और सुरक्षित रूप से अपने शावकों का पालन-पोषण कर सकें। इससे जैव विविधता संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।




## 7.75 मेट्रिक टन उर्वरक और 12.5 क्विंटल बीज जब्त

# बिना लाइसेंस बिक्री पर खाद बीज और गोदाम किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में बुधवार को बिना लाइसेंस के खाद -बीज विक्रय करने पर जांच टीम द्वारा गोदाम सील कर खाद और बीज जब्त किया गया। विकासखण्ड बलौदाबाजार के बीज निरीक्षक जयइन्द्र कंवर एवं उर्वरक निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम सरखोर, विकासखंड बलौदाबाजार स्थित गोवर्धन कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में बिना अनुज्ञप्ति के प्रोप्राईटर चन्दाराम वर्मा द्वारा बीज एवं उर्वरकों का विक्रय कृषकों को किया जाना पाया गया, जो कि पूर्ण रूप से अवैध है। विक्रेता को कीटनाशक की अनुज्ञप्ति जारी की गई है, किंतु विकास ट्रेडर्स के नाम से अन्य गोदाम में 7.75 मे. टन उर्वरकों का अवैध भंडारण किया गया था, जिसका संचालन गोवर्धन कृषि केंद्र के संचालक द्वारा ही किया जा रहा है। गोवर्धन कृषि केंद्र में गोदाम में जांच किए जाने पर अवैध रूप से 12.5 क्विंटल बीज का भण्डारण भी पाया गया। इस प्रकार विक्रेता द्वारा बिना लाइसेंस के उर्वरक एवं बीज का व्यवसाय किया जा रहा था। यह कृत्य उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के खंड 7 तथा बीज नियंत्रण आदेश, 1983 के खंड 3 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के धारा 3 का स्पष्ट उल्लंघन है। उक्त अनियमितता के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करते हुए विक्रय केंद्र में उपलब्ध 7.75 मेट्रिक टन उर्वरक तथा 12.5 क्विंटल बीज जब्त कर गोदाम सील कर दिया गया है एवं विक्रेता को कारण बताओ नोटिस शेष पेज 11 पर



### कार्रवाई की जा रही

प्राप्त जानकारी अनुसार खाद को 1400 रूपये प्रति के हिसाब से किसानों को बेचा जा रहा था, जिसमें 13 बोरियों को बेचने के लिए वे सुन्द्रावन आये थे। निरीक्षक द्वारा बताया गया कि खाद को पैकिंग और दाने असली डीएपी जैसे बनाये गये थे। जिसे किसानों को आसानी से बेचा जा सकें। जब्त खाद में प्रकरण को उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खंड 7 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के धारा 3 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी

जिला स्तरीय उड़न दस्ता दल द्वारा कसडोल में संचालित जोगी कृषि केंद्र एवं आचार्य कृषि सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों विक्रय केंद्र में पॉस मशीन में प्रदर्शित स्कंध एवं भौतिक रूप से उपलब्ध स्कंध में भिन्नता पाई गई जिस कारण विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# श्री सीमेंट से पुनर्वास राशि के लिए किसानों ने लगाई राजस्व मंत्री से गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम खपराडीह के प्रभावित किसानों ने श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा औद्योगिक प्रयोजन के लिए खरीदी गई भूमि के एवज में अब तक पुनर्वास राशि का भुगतान नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से उनके रायपुर स्थित निवास पर मुलाकात की। किसानों ने मंत्री के समक्ष अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि कंपनी द्वारा लगभग 15 वर्ष पूर्व उनकी कृषि भूमि खरीदी गई थी, लेकिन आज तक पुनर्वास नीति के तहत देय राशि का भुगतान नहीं किया गया है। किसानों ने कहा कि यदि पुनर्वास की राशि उन्हें वर्ष 2010 के आसपास ही मिल गई होती तो आज उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति पूरी तरह बदल सकती थी। उस समय मिलने वाली राशि का मूल्य और उपयोगिता वर्तमान समय की तुलना में कहीं अधिक थी। किसानों का कहना है कि 15 वर्षों की देरी के कारण राशि का वास्तविक मूल्य काफी कम हो चुका है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों ने मांग की कि उन्हें केवल बकाया पुनर्वास राशि ही नहीं, बल्कि 15 वर्षों की आर्थिक एवं मानसिक प्रताड़ना को ध्यान में रखते हुए उचित क्षतिपूर्ति भी प्रदान की जाए। किसानों ने मंत्री को बताया कि श्री सीमेंट द्वारा औद्योगिक परियोजना के शेष पेज 11 पर

- 15 साल की देरी से घट गई राशि की वास्तविक कीमत, किसानों ने मांगी क्षतिपूर्ति सहित पुनर्वास राशि

# धंवई में शुरू हुई नई सहकारी साख समिति से किसानों को मिली राहत

**बलौदाबाजार**। किसानों को कृषि कार्यों के लिए बेहतर एवं सुलभ सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य शासन द्वारा सहकारी साख समिति करमदा से पृथक धवई सहकारी साख समिति का गठन किया गया है। यह समिति अप्रैल से संचालित हो रही है। समिति शुरू होने से धंवई एवं आसपास के किसानों को अब कृषि संबंधी आवश्यक कार्यों के लिए दूसरे गांव नहीं जाना पड़ रहा है।

पहले किसानों को खाद, बीज, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), ऋण तथा खेती से जुड़ी अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए करमदा जाना पड़ता था। नई समिति शुरू होने से अब ये सभी सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं, जिससे किसानों के समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। धंवई के किसान राम लाल निषाद ने बताया कि पहले खाद-बीज और अन्य कृषि कार्यों के लिए करमदा जाना पड़ता था, जिससे काफी समय लगता था। अब गांव में ही समिति खुल जाने से सभी आवश्यक सुविधाएं आसानी से मिल रही हैं और किसानों को बड़ी राहत मिली है।इसी प्रकार किसान संतोष सेन ने कहा कि अब खाद-बीज सहित खेती से जुड़ी सभी सुविधाएं समिति के माध्यम से गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं। इससे किसानों को काफी सुविधा हुई है। उन्होंने किसानों के हित में यह महत्वपूर्ण पहल करने के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। धवई सहकारी साख समिति में वर्तमान में 525 किसान पंजीकृत हैं। समिति के कार्यक्षेत्र में 147.234 हेक्टेयर सिंचित तथा 143.927 हेक्टेयर असिंचित भूमि शामिल है। किसानों शेष पेज 11 पर



# 105 किलो से अधिक गांजा और नशीले पदार्थ नष्ट

**बलौदाबाजार**। जिले में जब्त अवैध मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्रवाई बुधवार को की गई। जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति की उपस्थिति में विभिन्न थाना क्षेत्रों से जब्त मादक पदार्थों को अडानी अंबुजा सीमेंट प्लांट, रवान के उच्च तापमान वाले किल्न में पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए नष्ट किया गया।

पुलिस के अनुसार एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 34 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों का भौतिक सत्यापन कर उनका सुरक्षित विनष्टीकरण किया गया। नष्टीकरण की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुई, जिसके लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से आवश्यक अनुमति प्राप्त की गई थी। ड्रग डिस्पोजल समिति में पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा अध्यक्ष, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह तथा जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल सदस्य के रूप में शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान विभिन्न थानों से जब्त कुल 105.761 किलो गांजा, 1.380 किलो शेष पेज 11 पर



## पुलिस बल की तैनाती के कारण कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित से संपन्न

# चंदेरी साप्ताहिक बाजार के बेजा कब्जों पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम पंचायत चंदेरी में शासकीय एवं सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध राजस्व विभाग द्वारा आज बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर विभिन्न अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई तहसीलदार सिमगा के निर्देश पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पुलिस बल की उपस्थिति में हुआ। राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में संबंधित अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी कर निर्धारित अवधि में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर प्रशासन द्वारा बेदखली की कार्रवाई की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत भवन के आसपास स्थित सार्वजनिक मार्ग, साप्ताहिक बाजार स्थल एवं अन्य शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर की सहायता से हटाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। अतिक्रमण के कारण ग्राम पंचायत भवन तक आने-जाने का मुख्य मार्ग लगभग पूरी तरह बाधित हो गया था। इसके चलते पंचायत कार्यों के लिए आने वाले ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

वहीं साप्ताहिक सब्जी बाजार में व्यापारियों को दुकान लगाने एवं ग्राहकों के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सहकारी सेवा समिति, सार्वजनिक शौचालय तथा निस्तारी तालाब तक पहुंचने वाले मार्ग भी प्रभावित हो गए थे जिससे ग्रामीणों को दैनिक कार्यों में परेशानी हो रही थी। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, ग्राम पंचायत चंदेरी की सरपंच, पंचायत प्रतिनिधिगण, समस्त पंच तथा राजस्व अमला उपस्थित रहा। पुलिस बल की तैनाती के कारण पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि पंचायत भवन के सामने किया गया अतिक्रमण पंचायत के विकास कार्यों में सबसे बड़ी बाधा बन गया था। पंचायत भवन के निर्माण, विस्तार एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े प्रस्तावित कार्य लंबे समय से प्रभावित हो रहे थे। अतिक्रमण हटने से अब पंचायत परिसर के विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। अधिकारियों ने बताया कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करना शेष पेज 11 पर



# कृषि उपज मण्डी प्रांगण में होगा जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी प्रांगण में जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम स्वस्थ आयु के लिये योग थीम पर किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न स्थलों पर एक समान समय सुबह 7 बजे से सुबह 8 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम के लिये रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को मुख्य अतिथि घोषित किया गया हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला स्तरीय आयोजन हेतु सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल को जिला अधिकारी एवं जिला आयुष अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियो को जिम्मेदारी सौंपी हैं। उन्होंने योग आयोग द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए योगाभ्यस सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंच निर्माण, पेयजल एवं साफ सफाई, स्थानीय जनसमुदाय की सहभागिता, चिकित्सा सुविधा, वाहन पार्किंग, योग प्रदर्शन, छात्रों की भागीदारी सहित अन्य व्यवस्था हेतु सम्बधित अधिकारियो को निर्देशित किया है।

- सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे मुख्य अतिथि, 'स्वस्थ आयु के लिये योग' थीम पर होगा आयोजन

# कचरा सेठों की अब होगी डिजिटल निगरानी, होटल, मॉल, बड़े अपार्टमेंट का सीपीसीबी पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब बड़े पैमाने पर कचरा पैदा करने वाले संस्थानों, आवासीय परिसरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर निगरानी और जवाबदेही बढ़ने जा रही है। राज्य सरकार ने सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिया है कि उनके क्षेत्र में मौजूद सभी बल्क वेस्ट जनरेटर (यानी कचरा सेठ) का केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीइबी) के ऑनलाइन पोर्टल पर तत्काल पंजीयन कराया जाए। इसके साथ ही इन संस्थानों का अलग डेटाबेस तैयार कर उनकी निगरानी भी की जाएगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि केंद्र सरकार के नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 एक अप्रैल 2026 से लागू हो चुके हैं। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में राज्यों और स्थानीय निकायों को कड़े निर्देश दिए हैं, जिसके बाद यह कार्रवाई शुरू की गई है।

### कौन हैं ये 'कचरा सेठ'

नए नियमों के तहत बल्क वेस्ट जनरेटर की परिभाषा पहले की तुलना में कहीं अधिक स्पष्ट और व्यापक कर दी गई है। ऐसे संस्थान या परिसर जिनका निर्मित क्षेत्र 20 हजार वर्गमीटर या उससे अधिक हो, या प्रतिदिन 40 हजार लीटर से ज्यादा पानी की खपत होती हो, या प्रतिदिन 100 किलोग्राम या उससे अधिक ठोस कचरा पैदा होता हो, उन्हें बल्क वेस्ट जनरेटर माना जाएगा। इसलिए ही हम इन्हें कचरा सेठ कह रहे हैं। बड़े होटल, मॉल, मल्टीप्लेक्स, अस्पताल, विश्वविद्यालय, सरकारी कार्यालय, बड़ी आवासीय सोसायटियां, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल हो सकते हैं।

- अब कचरे की दो नहीं चार श्रेणियां हो गई हैं
- कचरा निपटान का हिसाब भी देना होगा



### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बढ़ी सख्ती

यह पूरी कवायद सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद तेज हुई है जिसमें अदालत ने कहा था कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन न करना केवल प्रशासनिक चूक नहीं माना जा सकता। अदालत ने तीन-स्तरीय प्रवर्तन व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें जुर्माना, आपराधिक कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तक शामिल है। अदालत ने सभी बल्क वेस्ट जनरेटर को नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए थे।

### अब कचरा पैदा करने वाले ही उठाएंगे जिम्मेदारी

नए नियमों का सबसे बड़ा बदलाव यह है कि बड़े कचरा उत्पादकों की जिम्मेदारी सिर्फ कचरा नगर निगम को सौंप देने तक सीमित नहीं रहेगी। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके द्वारा पैदा किया गया कचरा वैज्ञानिक तरीके से संसाधित हुआ है। इसके लिए एक्सटेंडेड बल्क वेस्ट जनरेटर रिस्पांसिबिलिटी की व्यवस्था लागू की गई है। सरल शब्दों में कहें तो अब कचरा फैलाओ और भूल जाओ वाली व्यवस्था समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। कचरा पैदा करने वाले बड़े संस्थानों को उसके निपटान का प्रमाण भी देना होगा।

### नया पोर्टल बना निगरानी का हथियार

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एक जून 2026 से बल्क वेस्ट जनरेटरों के पंजीयन और निगरानी के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। राज्य सरकार ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्र के सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों का इस पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करें और पंजीयन की रसीद के आधार पर उनका रिकॉर्ड संधारित करें।

### चार तरह से अलग करना होगा कचरा

नए नियमों के तहत अब केवल गीला और सूखा कचरा अलग करना पर्याप्त नहीं होगा। कचरे को चार श्रेणियों— गीला, सूखा, सैनिटरी और विशेष देखभाल श्रेणी में अलग करना अनिवार्य किया गया है। इसका पालन बल्क वेस्ट जनरेटर्स सहित सभी कचरा उत्पादकों को करना होगा।

### छत्तीसगढ़ में क्या होगा असर

जानकारों का मानना है कि यदि नियमों का प्रभावी पालन हुआ तो नगर निकायों पर कचरा प्रबंधन का बोझ कम होगा और बड़े संस्थानों को अपने स्तर पर कचरा निपटान की व्यवस्था विकसित करनी पड़ेगी। हालांकि असली चुनौती ऐसे संस्थानों की पहचान, पंजीयन और बाद में उनके अनुपालन की निगरानी होगी। छत्तीसगढ़ सरकार के ताजा आदेश से स्पष्ट है कि राज्य अब कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी केवल नगर निकायों तक सीमित रखने के बजाय कचरा पैदा करने वाले बड़े खिलाड़ियों तक पहुंचाना चाहता है। ऐसे में आने वाले महीनों में होटल, मॉल, बड़े अपार्टमेंट, अस्पताल और संस्थानों के लिए यह केवल एक औपचारिक पंजीयन प्रक्रिया नहीं, बल्कि पर्यावरणीय जवाबदेही की नई परीक्षा साबित हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### निर्माणाधीन मेडिकल कालेज पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री



**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कांकेर जिले के समीप तारसगांव में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर प्रगति कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निर्धारित समय-सीमा तथा विभिन्न सुविधाओं की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि तारसगांव में बन रहा यह मेडिकल कॉलेज क्षेत्र के स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से न केवल क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### कांग्रेस में दो मुख्य प्रवक्ता की नियुक्ति

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश पर प्रदेश संचार विभाग में दो मुख्य प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। इनमें सुरेंद्र शर्मा और घनश्याम राजू तिवारी को मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। अब संचार विभाग में 7 मुख्य प्रवक्ता हो गए हैं। पीसीसी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

### भाजपा सरकार स्कूलों को आरएसएस की शाखा में परिवर्तित करना चाह रही



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार स्कूलों को आरएसएस की शाखा में परिवर्तित करना चाह रही है। स्कूलों में सुबह दीप मंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, मध्यान्ह में भोजन मंत्र, शाम को छुट्टी होने पर गायत्री मंत्र एवं शांति मंत्र का वाचन बच्चों से कराया जाना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा, संविधान के अनुच्छेद 28(1) के तहत पूर्णतः राज्य-निधि से संचालित शिक्षण संस्थानों में किसी भी प्रकार की धार्मिक शिक्षा या विशिष्ट धार्मिक प्रार्थना आयोजित नहीं की जा सकती।

#### बीटीआई रोड शंकर नगर सहित 5 शहरों की प्राइम लोकेशन की भूमि पर बनेंगे

# रीडेवलपमेंट योजना की पांच परियोजनाओं का टेंडर हाउसिंग एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड ने किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल राज्य के विभिन्न शहरों में 5 प्रमुख रीडेवलपमेंट परियोजनाओं की शुरुआत करने जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहरी विकास, शासकीय परिसंपत्तियों के बेहतर उपयोग तथा आधुनिक नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यह राज्य की रीडेवलपमेंट नीति के तहत विकसित की जाएंगी। आवास एवं पर्यावरण विभाग को नोडल तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को क्रियान्वयन एजेंसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

रीडेवलपमेंट परियोजनाओं के तहत मंडल द्वारा प्रिलिमिनरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट और विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किए गए हैं। साथ ही निजी डेवलपर्स के चयन के लिए पारदर्शी निविदा प्रक्रिया तथा परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की व्यवस्था की गई है। कैबिनेट द्वारा पहले ही प्रस्तावित परियोजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके बाद 27 मई को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इन परियोजनाओं के अंतिम स्वरूप पर विस्तृत चर्चा कर अनुमोदन दिया गया। आयुक्त अवनीश कुमार शरण द्वारा मंगलवार को टीएल बैठक में इसकी समीक्षा की गई तथा अगले रीडेवलपमेंट की 8 परियोजनाओं को जल्द तैयार कर प्रस्तुत करने निर्देश दिया ।




### योजनाओं का टेंडर जारी

प्रस्तावित परियोजनाओं का कुल क्षेत्रफल 19.14 एकड़ है तथा वर्ष 2025-26 की संशोधित गाइडलाइन दरों के अनुसार इनका अनुमानित मूल्य लगभग 250.30 करोड़ रुपये है। ये परियोजनाएं बीटीआई रोड शंकर नगर रायपुर, क्लब पारा महासमुंद, कैलाश नगर राजनांदगांव, कटघोरा कोरबा तथा चांदनी चौक फेज-2 जगदलपुर में विकसित की जाएंगी। इन पांचो रिडेवलपमेंट योजनाओं का टेंडर बोर्ड द्वारा जारी कर दिया गया है।

### निजी डेवलपर्स के लिए अच्छा अवसर

इन परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त वित्तीय भार की आवश्यकता नहीं होगी। शासकीय भूमि के मूल्य का उपयोग परियोजनाओं के वित्तीय संसाधन के रूप में किया जाएगा। शासकीय भूमि का इससे सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित होने के साथ राज्य को अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त होगा। यह पहल निजी डेवलपर्स के लिए भी आकर्षक अवसर प्रदान करती है। उन्हें शहरों के प्रमुख क्षेत्रों में स्थित प्राइम लोकेशन वाली भूमि पर परियोजनाएं विकसित करने का अवसर मिलेगा।

### जर्जर और अनुपयोगी सरकारी परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग

राजधानी रायपुर में प्रस्तावित परियोजना विशेष महत्व रखती है। यह परियोजना शहर के प्रमुख और विकसित क्षेत्र शंकर नगर बीटीआई ग्राउंड के समीप सिंधु भवन के बाजू में स्थित है। यह क्षेत्र शैक्षणिक, प्रशासनिक, व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। परियोजना के विकसित होने से क्षेत्र में आधुनिक अधोसंरचना का विस्तार होगा तथा शासकीय परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। रिडेवलपमेंट मॉडल के तहत जर्जर और अनुपयोगी सरकारी परिसंपत्तियों के स्थान पर आधुनिक एवं सुव्यवस्थित अधोसंरचना विकसित की जाएगी।

### शहरी विकास का मिलेगी गति : चौधरी

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नीति के माध्यम से अनुपयोगी और जर्जर शासकीय परिसंपत्तियों को आधुनिक एवं उपयोगी अधोसंरचना में परिवर्तित किया जाएगा। इससे शहरों की कार्यक्षमता और सौंदर्य बढ़ेगा। वहीं सार्वजनिक संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा, सार्वजनिक-निजी सहभागिता के माध्यम से आधुनिक और नागरिक-केंद्रित शहरी विकास को नई गति मिलेगी।

### शहरी क्षेत्रों का समग्र कायाकल्प- सिंहदेव

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने कहा, मंडल राज्य में रिडेवलपमेंट की नई कार्यसंस्कृति स्थापित कर रहा है। ये परियोजनाएं केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि शहरी क्षेत्रों के समग्र कायाकल्प का प्रयास हैं। उन्होंने कहा, बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर के सामने प्रस्तावित परियोजना राजधानी रायपुर के लिए एक आदर्श शहरी विकास मॉडल साबित होगी।

# काम के साथ घर-परिवार की जिम्मेदारी निभाना एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भागदौड़ की इस जिंदगी में परिवार और काम के बीच संतुलन बनाने के साथ स्वयं को भी मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रख पाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन नामुमकिन नहीं है।

सरकारी दफ्तरों में कार्य करने वाले कई कर्मचारी इस तरह का चुनौतीपूर्ण जीवन जी रहे हैं, जिसके कारण वे तनाव में भी रहते हैं। इस तनाव को दूर करने और कार्य तथा जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए ही कलेक्टर की पहल पर प्रोजेक्ट शांति की शुरुआत की गई है। इस प्रोजेक्ट शांति के तहत पहला विशेष सत्र मंगलवार को आयोजित हुआ, जिसमें कलेक्टर गौरव सिंह सहित कई अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए।

### कर्मचारियों को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहना जरूरी

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास हॉल में आयोजित सत्र के दौरान कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ रहना उतना ही जरूरी है, जितना अपने काम को पूरी जिम्मेदारी से करना। उन्होंने अधिकारियों से समय पर कार्यालय आने और समय पर घर जाने, कार्यालय में पूरी दक्षता और ईमानदारी से काम करने तथा परिवार के लिए भी पर्याप्त समय निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि संतुलित जीवन से कर्मचारी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और जनता को भी अच्छी सेवाएं मिलती हैं। उन्होंने जिले के सभी विभागाध्यक्षों को प्रेरित किया कि वे भी अपने-अपने कार्यालयों में इस तरह के मानसिक स्वास्थ्य और वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़े सत्र निःशुल्क आयोजित करें, ताकि अधिक से अधिक अधिकारी-कर्मचारी इसका लाभ उठा सकें और कार्यालय में सकारात्मक वातावरण तैयार हो।

### प्रोजेक्ट शांति के तहत वर्क-लाइफ बैलेंस पर हुई चर्चा

सत्र में हमिंग माइंड्स लाइफ की प्रमुख मनोवैज्ञानिक तनीषा पोद्दार ने अधिकारियों से मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, आत्म-समझ और कार्य-जीवन संतुलन जैसे विषयों पर चर्चा की। अधिकारियों ने विभिन्न गतिविधियों और अभ्यासों में भाग भी लिया। सत्र में एडीएम उमाशंकर बंदे, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, मनीष मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कृषि कार्य के बीच डीजल की किल्लत से किसान परेशान, खेतों में प्रभावित हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक दर्जन जिलों में डीजल की कमी ने बढ़ाई चिंता

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन के दौरान कृषि कार्य तेज होने के बीच कई इलाकों से डीजल की उपलब्धता को लेकर किसानों की परेशानी सामने आ रही है। ट्रैक्टरों से जुताई, बुवाई और सिंचाई जैसे कार्य डीजल पर निर्भर होने के कारण किसानों को समय पर ईंधन नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि कई पेट्रोल पंपों पर डीजल की सीमित उपलब्धता के कारण उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जबकि कुछ स्थानों पर इंतजार भी करना पड़ रहा है। इससे खेतों की तैयारी और बुवाई का काम प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ में डीजल का संकट मुख्य रूप से कांकेर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, बिलासपुर, रायपुर, गरियाबंद, बालोद और जांजगीर-चांपा जिलों में गहरा गया है। कृषि कार्य के दौरान डीजल की भारी किल्लत के कारण किसानों को परेशानी हो रही है, जिससे नाराज होकर किसानों ने कई जिलों में चक्काजाम भी किया था। सुकमा जिले में केवल पुलिस लाइन स्थित पेट्रोल पंप पर ही ईंधन उपलब्ध होने से सुकमा में भारी भीड़ और अफरा-तफरी की स्थिति है। औद्योगिक इकाइयों द्वारा उपभोक्ता पंपों की बजाय सस्ते रिटेल पंपों से ईंधन खरीदने के कारण डीजल संकट है। इसका बुरा असर कृषि कार्यों (ट्रैक्टर संचालन) और यात्री परिवहन (बसों और ट्रकों) पर पड़ रहा है। कई पंपों पर टोकन सिस्टम या सीमित मात्रा में ही ईंधन दिया जा रहा है।

### सरकार का दावा पर्याप्त भंडार

हालांकि राज्य सरकार ने दावा किया है कि प्रदेश में डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों के लिए डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने जिला प्रशासन और तेल कंपनियों को नियमित निगरानी रखने तथा कृषि कार्यों के लिए डीजल की उपलब्धता बनाए रखने को कहा है।

# बिजली के दामों में वृद्धि, कांग्रेस का आज प्रदेशव्यापी प्रदर्शन, बिजली दफ्तरों का घेराव और पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि सरकार ने अपने ढाई साल के कार्यकाल में पांचवी बार बिजली के दाम को बढ़ाया है। इसके खिलाफ़ कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने जा रही है। उन्होंने बताया कि बिजली के दाम बढ़ोतरी तथा स्मार्ट मीटर वापस लेने की मांग को लेकर कांग्रेस 17 जून को प्रदेश के सभी जिलों में बिजली दफ्तर का घेराव करेगी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री जो कि बिजली मंत्री हैं, उनका पुतला दहन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 18 जून को जिला सभी जिलो में पत्रकार वार्ता लेकर बिजली के दाम बढ़ोतरी का विरोध किया जायेगा। जुलाई के पहले सप्ताह में कांग्रेस के कार्यकर्ता स्मार्ट मीटर के खिलाफ घर-घर से आवेदन भरवा कर स्मार्ट मीटर हटाने की मांग करेंगे। राजीव भवन में आज प्रेस वार्ता में दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार ने इस बार घरेलू बिजली के दाम में 30 से 50 पैसे तथा गैर घरेलू में 20 से 40 पैसे की बढ़ोतरी की है। भाजपा सरकार ने किसानों को भी नहीं बख्शा। कृषि के पंप की बिजली में भी 40 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार पांचवी बार बिजली के दाम बढ़ाये गए हैं। पहले से ही बिजली के बेतहाशा बिल जनता की परेशानी का कारण बना हुआ है, ऊपर से अब नया बढ़ा हुआ दाम थोप दिया गया है।

### पिछले माह तीन गुना ज्यादा बिल

उन्होंने बताया कि कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में केवल 2 पैसे की बढ़ोत्तरी बिजली के दामों में की थी, उसमें भी 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना लागू थी। बिजली के बढ़े बिल से पिछले ढाई साल से जनता पर बोझ डाला जा रहा था लेकिन इस माह बढ़े हुए आए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है। पिछले माह औसतन हर उपभोक्ता का बिजली बिल तीन गुना आया है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है। स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है।

बैज ने कहा, उपभोक्ताओं को एक ही माह में ऑन लाइन, ऑफ लाइन में अलग बिल भेजा जा रहा है। बिजली की खपत का अनुबंध भार क्षमता बिना उपभोक्ता की सहमति के बढ़ा दिया जा रहा है।

#### विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे पहुंचे कुशालपुर हाईस्कूल

# शाला प्रवेशोत्सव के साथ कुशालपुर में 70 लाख के विकास कार्यों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वामनराव लाखे वार्ड स्थित शासकीय हाईस्कूल कुशालपुर में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे शामिल हुए। इस मौके पर वामन राव लाखे वार्ड एवं महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के नागरिकों की सुविधा के लिए 70 लाख के स्वीकृत लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

वामनराव लाखे वार्ड में करीबन 60 लाख के कार्य अधोसंरचना मद एवं दक्षिण विधायक निधि मद से करवाए जाएंगे। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में विधायक निधि से खो -खो तालाब के पास नहावन सहित अन्य आयोजनों के लिए 10 लाख रुपए में विधायक निधि मद से शेड निर्माण कराए जाएंगे। वामनराव लाखे वार्ड में कुशालपुर स्कूल परिसर में बच्चों के लिए प्रार्थना शेड का निर्माण होगा। इसके अलावा रोड, नाली पुलिया, सामुदायिक भवन जैसे वार्ड 66 के 10 अलग-अलग स्थानों पर शुरू होंगे।



दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शाला प्रवेशोत्सव पर शिक्षक -शिक्षिकाओं औरबच्चों को हार्दिक बधाई दी। श्री सोनी ने गुरूजनों से बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का अनुरोध किया साथ ही, शिक्षा के प्रति सकारात्मक भाव जागृत करने कार्य करने की अपील की। कक्षा दसवीं में प्रथम आई छात्रा अनामिका पांडे और दामिनी साहू को सम्मानित किया गया। सुनील सोनी ने महापौर मीनल चौबे से अनुरोध किया कि वे उन्हें एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल को साथ लेकर कुशालपुर में जलभराव की समस्या शीघ्र दूर करने एनएचआई से लगातार प्रयास कर राष्ट्रीय राजमार्ग से नाला कासिंग कार्य करवाने जल्द पहल करेंगे। महापौर मीनल चौबे ने इस मौके पर कहा कि तब के कुशालपुर और आज के कुशालपुर में काफी अंतर है। यहां का विकास करने सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं दक्षिण विधायक सुनील सोनी का निरंतर प्रयास रहा है।

महापौर रहते हुए श्री सोनी ने शहर में 17 पानी टंकियां बनवाकर शहर की पेयजल समस्या को दूर करवाने का कार्य किया। उन्हीं के प्रयासों से कुशालपुर में पानी टंकी बनी और यहां की जल समस्या का निदान हो सका। महापौर ने कहा कि कुशालपुर में जलभराव की समस्या दूर करने उनके द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे है एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से नाला कासिंग करवाकर शीघ्र समस्या निदान करवाने कार्य किया जायेगा।

### ये हुए शामिल

भूमिपूजन कार्यक्रम में शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, सरिता दुबे, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, वार्ड पार्षद कृष्णा सोनकर,श्री ममता तिवारी, दुर्गा साहू, पूर्व पार्षद विजेता यादव, अखिलेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष सचिन संघवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता रामकिंकर ठाकुर, जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश रामटेके, उपअभियंता कृति शर्मा, स्कूल प्राचार्य व्हीके तिवारी सहित शाला परिवार के सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रदेश में धान खरीदी का अध्ययन करने 19 जून को आएंगे महाराष्ट्र के विधायक

#### मुख्यमंत्री साय से भी मुलाकात करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में होने वाली धान खरीदी की प्रक्रिया समझने के लिए महाराष्ट्र सरकार राज्य के विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के दौरे पर भेज रही है। विधायक यहां पर 19 जून को आएंगे। उन्हें खाद्य विभाग और मार्कफेड के अधिकारी समर्थन मूल्य में धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताएंगे।

बताया गया है कि राज्य बनने के बाद से शुरू हुई धान खरीदी लगातार चल रही है। खरीदी में कई परिवर्तन आए हैं। अब यह डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर पारदर्शी बनाने का प्रयास किया गया है। इन सबसे प्रभावित होकर महाराष्ट्र सरकार की ओर से 9 विधायकों का दल आ रहा है। यह राज्य में समर्थन मूल्य में होने वाली धान खरीदी के मॉडल का अध्ययन करेगा।

यहां पर धान की खरीदी में किसानों का पंजीयन से लेकर धान विक्रय करने टोकन की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की जाएगी। खरीदी के बाद भुगतान प्रक्रिया, स्टेकिंग, धान का उठाव से लेकर मिलिंग तक की प्रक्रिया के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेगा। बताया गया है कि प्रतिनिधिमंडल एक धान खरीदी केंद्र का अवलोकन भी करेगा। अफसरों से जानकारी लेने के बाद प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मुलाकात करेगा।

## खबर संक्षेप

### दशरमा में मना शाला प्रवेश उत्सव

**रिसदा।** बलौदा बाजार विकासखंड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला दशरमा में 16 जून को नवीन विद्यार्थियों के स्कूल आगमन के उपलक्ष्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें 6 वर्ष के बच्चों को कक्षा पहली में और पांचवीं उत्तीर्ण बच्चों को कक्षा छठवीं में प्रवेश कराया गया। उक्त कार्यक्रम में मधु नीलकंठ साहू सरपंच, जगमोहन घृतलहरे जनपद सदस्य, राजकुमार सोनवानी शाला समिति अध्यक्ष लक्ष्मीकांत घृतलहरे, पंच अशोक मंडले, प्रधान पाठक फागराम डहरिया, संकुल समन्वयक सरोज वर्मा, शिक्षक शिक्षिका स्कूल बालक बालिका शाहिद बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### वन प्रबंधन समिति घिरघोल के अध्यक्ष बने कृष्णा मरकाम

**सेल।** वन परिक्षेत्र बल्दाकछार अंतर्गत घिरघोल वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद पर कृष्णा



मरकाम को निर्विरोध चुना गया है। उनके निर्विरोध निर्वाचन से क्षेत्र के ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों में उत्साह का माहौल है। वे पूर्व में जनपद सदस्य तथा मंडी अध्यक्ष के पद का दायित्व भी संभाल चुके हैं। वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बनने के बाद कृष्णा मरकाम ने कहा कि वे वन संरक्षण पर्यावरण संवर्धन एवं ग्रामीणों की सहभागिता से वन विकास के कार्यों को प्राथमिकता देंगे। साथ ही वनाधारित आजीविका को बढ़ावा देने और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।उनके निर्विरोध निर्वाचन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में वन प्रबंधन समिति नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल उपाध्याय जयकिशन यादव डिप्टी रेंजर धरम सिंह बारीहा डिप्टी रेंजर संदीप देवगन वन रक्षक सहित ग्रामीण अंचल के लोग उपस्थित रहे।

### मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट ने किया भजन-कीर्तन का आयोजन

**रायपुर।** ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट की सुंदरनगर प्रभारी भावना शर्मा के नेतृत्व में चंगोराभाठा में महापौर निवास के पास सुंदरकांड एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

## 15 हितग्राहियों के ऋण स्वीकृत, समय पर ऋण चुकाने वाले वेंडरों को प्रमाण पत्र और चेक वितरित

# स्वनिधि महोत्सव में 80 पथ व फुटकर विक्रेताओं ने किया ऋण के लिए आवेदन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार**

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा नगर भवन में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छोटे व्यवसायियों, असंगठित श्रमिकों तथा महिला स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को वित्तीय सहायता एवं योजना संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने विभिन्न व्यवसायों से जुड़े पथ विक्रेताओं को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक स्वरूप ऋण स्वीकृति चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना छोटे एवं फुटकर व्यवसायियों को बिना किसी गारंटी के आसान ऋण उपलब्ध कराकर उनके कारोबार को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से योजना का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनने का आह्वान किया।





इस अवसर पर सभापति जितेंद्र डड़सेना ने भी योजना की उपयोगिता बताते हुए छोटे व्यवसायियों से इसका लाभ लेने की अपील की।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत फल-सब्जी विक्रेता, चाय-नाश्ता व्यवसायी, बैग सिलाई, वेल्डिंग कार्य, टोकनी-सूपा एवं झाड़ू निर्माण जैसे छोटे व्यवसायों से जुड़े लोगों को बिना गारंटी कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। महोत्सव के दौरान कुल 80 आवेदनों की प्राप्ति हुई, जिनमें से 15 हितग्राहियों के ऋण स्वीकृत किए गए। वहीं 8 हितग्राहियों को तत्काल ऋण वितरण किया गया, जिनमें 6 व्यवसायियों को प्रथम एवं 2 को द्वितीय किश्त की राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम में समय पर ऋण पुनर्भुगतान करने वाले उत्कृष्ट पथ विक्रेताओं को सम्मानित भी किया गया। साथ ही डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने, वित्तीय साक्षरता तथा योजना के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न प्रोत्साहनों की जानकारी दी गई। हितग्राहियों को ऋण वितरण प्रक्रिया, डिजिटल भुगतान एवं स्वरोजगार के विस्तार संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

महोत्सव में नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, सभापति कन्हैया सेन, पार्षद रोहित साहू, रेखा पोषण पटेल, अमितेष नेताम, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, सुभाष राव, भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, राहुल सोनी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में पथ विक्रेता उपस्थित थे।

## गौ ग्राम जनजागरण वाहन को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़**

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के तत्वावधान में आयोजित गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा वाहन को रवाना किया। गांव-गांव तक गौ संरक्षण का संदेश पहुंचेगा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, भरत अग्रवाल, यशवंत सिंह ठाकुर, गौधाम संचालक प्रकाश तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने गौ संरक्षण एवं संवर्धन के इस अभियान की सराहना करते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गौवंश के संरक्षण, संवर्धन, प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यात्रा के माध्यम से किसानों, पशुपालकों एवं आम नागरिकों को गौ आधारित कृषि और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जानकारी दी जाएगी।

### पशुपालन विभाग ने किया जागरूक

इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र पाण्डेय ने कहा कि शासन द्वारा गौवंश के संरक्षण एवं पशुपालकों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने पशुपालकों से वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन, समय-समय पर टीकाकरण तथा पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की। वहीं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम भूषण तिवारी ने गौ आधारित प्राकृतिक खेती के लाभ बताते हुए कहा कि गोबर एवं गोमूत्र से तैयार जैविक खाद और कीटनाशकों का उपयोग किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। इससे खेती की लागत घटती है और मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ती है।

## जेवरात से भरा बैग लौटाने वाले आरक्षक सहित दो पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**



सड़क पर गिरे मिले सोने-चांदी के जेवरात से भरे बैग को उसके मालिक तक पहुंचाने का कार्य करने वाले यातायात विभाग के आरक्षक आशुतोष नेताम को पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने नकदी रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर सम्म्मनित किया है। इसके अलावा तेलघानी नाका चौक पर ट्रैफिम जाम की समस्या से राहत पहुंचाने वाले आरक्षक दीपक वर्मा को भी सम्मानित किया है। यातायात थाना भनपुरी में पदस्थ प्रधान आरक्षक 691 आशुतोष नेताम की ड्यूटी 15 जून को भनपुरी तिराहा पर लगी थी। ड्यूटी के दौरान उनकी नजर चौक पर गिरे हुए बैग पर पड़ी। इसे उठाकर देखा, तो उसमें सोने-चांदी के जेवरात जिसकी कुल कीमत लगभग 4 लाख रुपए, नकदी 11700 रुपए सहित आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र आदि कागजात एवं कपड़े रखे मिले। आरक्षक बैग को यातायात थाने ले गया और बैग से बरामद आधार कार्ड में अंकित मोबाइल नंबर पर कॉल करके बैग मलिक को सूचना देकर थाना बुलाकर बैग उसके सुपुर्द किया। इस कार्य के लिए कमिश्नर ने उन्हें दो हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार तेलघानी नाका चौक पर शाम के समय पीक अवर्स में यातायात का अत्यधिक दबाव के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती थी। यहां यातायात थाना फाफाडीह से आरक्षक 999 दीपक वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है। दीपक जब से यहां ड्यूटी कर रहा है, तब से यहां जाम की स्थिति नहीं बनी है। इसे लेकर इस क्षेत्र के व्यवसायियों ने भी आरक्षक की प्रशंसा की है। पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने पर कमिश्नर ने दीपक को भी पांच सौ रुपए एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## क्रेडिट कार्ड की राशि खाते से कटने के बाद भी बैंक ने वसूली के लिए भेजा नोटिस

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अतिरिक्त खंड पीठ के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू एवं सदस्य डा. आनंद वर्गीस ने एक प्रकरण में बैंक मैनेजर को खाता धारक को 5 हजार रुपए वाद व्यय के रूप में भुगतान करने का फैसला सुनाया है। साथ ही धारक के सिविल में किसी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं करने एवं क्रेडिट कार्ड की राशि को शून्य घोषित किया है। उपभोक्ता फोरम में सिविल लाइन रायपुर निवासी अंजिनेश शुक्ला ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रायपुर के सिविल लाइन ब्रांच मैनेजर के खिलाफ केस किया था। उन्होंने इस मामले में आरोप लगाया था कि बैंक की ओर से उसे क्रेडिट कार्ड की राशि खर्च करने पर एक लाख 39 हजार रुपए की वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है। यह क्रेडिट कार्ड पुराना है, जिसका एक रुपए भी बकाया नहीं था। अंजिनेश ने अपने बयान में बताया कि पुराना क्रेडिट कार्ड में 40 हजार 64 रुपए की राशि पहले ही बैंक द्वारा काट ली गई है। इसके बाद उसने एक रुपए भी खर्च नहीं किया है। अंजिनेश ने इस बीच एक लाख रुपए का नया क्रेडिट कार्ड जारी कराया। इस कार्ड के जारी होने के बाद पुराना कार्ड बंद हो गया। इसके बाद भी बैंक ने उसे पुराना कार्ड की वसूली के लिए नोटिस भेजा है। इस प्रकरण में अंजिनेश ने बैंक स्टेटमेंट के साथ सारे सबूत भी पेश किए, जिसके आधार पर फोरम ने इस प्रकरण में परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बैंक द्वारा भेजे गए पत्र को निरस्त करते हुए बैंक मैनेजर को निर्देशित किया है कि वाद व्यय के रूप में 5 हजार रुपए परिवादी को भुगतान करे, साथ ही परिवादी के सिविल में किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं करेगा।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधा दाता और पालक बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा**

टंडवा सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधा दाता एवं पालक बैठक का हुआ आयोजन। महिला एवं बाल विकास विभाग तिल्दा एवं 'गढ़बो बचपन' के संयुक्त सहयोग से टंडवा सेक्टर के टंडवा, जोता, भुरसुदा सिलपट्टी, सरोरा, गुजरा, बिलाड़ी, ओटगन, सहित सभी गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा ईसीसीई के क्षेत्र में आज एक ऐतिहासिक शुरुआत हुई है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में जिला स्तर पर पहली बार एक विशेष 'सुविधादाता एवं पालक बैठक' का भव्य आयोजन किया गया। बैठक की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि पहली बार 5 से 6 वर्ष के बच्चों के पालकों को 'आकलन कार्ड' दिए गए, जिससे वे अपने बच्चों की प्रगति और विकास को व्यवस्थित रूप से समझ सकें। इसके साथ ही, बच्चों को आगामी स्कूली शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पहली बार 'विद्यारंभ प्रमाण पत्र' देकर सम्मानित किया गया। इस विशेष आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, पार्षदों सहित विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। सभी अतिथियों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और विभाग की इस अनूठी पहल की सराहना की। इस बैठक के



माध्यम से पालकों, समुदाय के प्रबुद्ध जनों, स्कूल प्रबंधन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच एक मजबूत समन्वय स्थापित हुआ है जो बच्चों के सुनहरे भविष्य की नींव रखने में मददगार साबित होगा। छत्तीसगढ़ में प्रारंभिक शिक्षा के स्तर को मजबूत करने की दिशा में इस आयोजन को एक मील का पत्थर माना जा रहा है। इस सफल और अनुकरणीय आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, 'गढ़बो बचपन' एडुवीव फाउंडेशन की और सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना की जा रही है। उक्त अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर मियंका तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अहिल्या वर्मा, सुभद्रा निषाद, भगवती वर्मा, नंदिनी कन्नौजे, शकुंतला दुबे सीमा श्रीवास आदि शामिल हुए।

## पेज 9 के शेष

### बिना लाइसेंस बिक्री...

जारी किया गया है। इसी तरह विकासखण्ड पलारी के ग्राम देवसुन्द्रा के किसानों से प्राप्त सूचना के आधार पर गांव में संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पिकअप वाहन में रायपुर से खाद लाकर किसानों को बेचा जा रहा था। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दीपक निकुंज द्वारा तहसीलदार ईश्वर कैंवट और निरीक्षक सुचिन वर्मा को मौके पर भेजा गया। संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे, तब तक संबंधित व्यक्ति मौके से फरार हो चुका था। वाहन का जांच करने पर पुलकित बायो फर्टिलाइजर प्रा.लि., गुड़गाँव, हरियाणा कम्पनी का 13 बोरी दानेदार स्वायल कंडिशनर एवं 12 बोतल ह्युमिक एसिड पाया गया, जिसे जब्त कर लिया गया है।

### श्री सीमेंट से पुनर्वास...

लिए भूमि खरीदे जाने के दौरान प्रभावित परिवारों को पुनर्वास लाभ देने का आश्वासन दिया गया था। किसानों ने आरोप लगाया कि कंपनी ने भूमि अधिग्रहण के समय किए गए वादों को पूरा नहीं किया और पुनर्वास राशि के मामले में किसानों के साथ छलावा एवं धोखा किया गया। प्रभावित किसानों ने यह भी बताया कि उन्होंने लगभग एक सप्ताह पूर्व कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को भी ज्ञापन सौंपकर पुनर्वास राशि दिलाने की मांग की थी, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई ठोस पहल या समाधान सामने नहीं आया है। किसानों ने प्रशासनिक सुस्ती पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वर्षों से लंबित इस मामले में लगातार आवेदन और निवेदन के बावजूद न्याय नहीं मिल पाया है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने किसानों की बात गंभीरता से सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि 19 जून को बलौदाबाजार कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में इस विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच कर नियमानुसार उन्हें पुनर्वास राशि दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। किसानों ने कहा कि खपराडीह क्षेत्र के अनेक परिवार आज भी पुनर्वास राशि की प्रतीक्षा कर रहे हैं। औद्योगिक विकास के लिए अपनी उपजाऊ भूमि देने वाले किसानों को यदि वर्षों तक उनके अधिकारों से वंचित रखा जाता है तो यह गंभीर अन्याय है। किसानों ने शासन एवं प्रशासन से मांग की है कि मामले का शीघ्र निराकरण कर उन्हें उनका हक दिलाया जाए। राजस्व मंत्री से मुलाकात करने वालों में सतन कुमार बघमार, देवलाल बघमार, रमेश बघमार, खिलेश बघमार, प्रदीप बघमार, कुसुम बघमार, रामसिंह बघमार, पुनीत राम वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, संजय बघमार, ईश्वर वर्मा, उधोराम बघमार, नरेश वर्मा, सविता वर्मा, निशा वर्मा, ललित वर्मा, जीवन वर्मा, लोकेन्द्र बघमार, नीलम बघमार, सूर्य गजेन्द्र बघेल, दुलेश्वरी वर्मा, सुरेश बघेल, सुनील वर्मा, रवि बंछोर, जितेंद्र वर्मा, आजूराम बंजारे, रूपेन्द्र बघमार सहित अन्य प्रभावित किसान शामिल थे।

### धंवई में शुरू हुई नई सहकारी...

को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अब तक 209 किसानों के कृषि ऋण (लोन) स्वीकृत किए जा चुके हैं। नई समिति के संचालन से ग्रामीण किसानों को कृषि आदान, ऋण एवं अन्य सहकारी सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो रही हैं, जिससे कृषि कार्यों में तेजी आने के साथ-साथ किसानों की सुविधा और आत्मनिर्भरता भी बढ़ी है। यह पहल किसानों के हित में शासन की जनकल्याणकारी सोच और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कृषि सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### 105 किलो से अधिक...

डोडा चूरा, 0.037 ग्राम अफीम तथा 5,906 नग नशीली कैप्सूल एवं टैबलेट नष्ट किए गए। नष्टीकरण से पूर्व सभी मामलों में नियमानुसार सैंपल सुरक्षित रखे गए। पुलिस ने बताया कि संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई तथा समिति के सदस्यों ने प्रत्येक पैकेट की सील और वजन का भौतिक सत्यापन किया। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए रिहायशी क्षेत्रों से दूर स्थित सीमेंट संयंत्र के किल्न का उपयोग किया गया, जिससे मादक पदार्थों का सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल नष्टीकरण सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने इसे नशे के खिलाफ अभियान में महत्वपूर्ण कार्रवाई बताते हुए कहा कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### अवैध कब्जे पर चंदेरी...

कानूनन अपराध है तथा ऐसे मामलों में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 248 के अंतर्गत अतिक्रमणकर्ता को बेदखल करने तथा शासकीय भूमि को कब्जामुक्त कराने का प्रावधान है। इसी प्रावधान के तहत ग्राम पंचायत चंदेरी में यह कार्रवाई की गई। तहसीलदार सिमगा भट्ट ने बताया कि ग्राम पंचायत चंदेरी में शासकीय भूमि पर किए गए अन्य चिह्नित अतिक्रमणों का भी सर्वे एवं परीक्षण किया जा चुका है। शेष अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों को भी नियमानुसार नोटिस जारी कर आगामी दिनों में शीघ्र हटाया जाएगा। प्रशासन द्वारा सार्वजनिक एवं शासकीय भूमि को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान जारी रहेगा। भविष्य में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सुशासन तिहार शिविर में...

कुल 41 हजार 814 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में अब तक 81.6 प्रतिशत आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया गया है। शेष आवेदनो का अगले 10 दिन में निराकरण के लिये प्रशासन तत्पर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न विभागों को कुल प्राप्त 41814 आवेदनों में से सर्वाधिक 20394 आवेदन जनपद कार्यालयों को तथा दूसरा सर्वाधिक 7467 आवेदन तहसील कार्यालय को प्राप्त हुआ है। कुल आवेदनों में अधिकांश मांग के हैं जिनकी संख्या 40 हजार है। निराकरण के लिये शेष आवेदनों पर विभागवार त्वरित कार्यवाही की जा रही है। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओ का निदान होने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र लगभग 5000 हितग्राहियों को सामग्री,चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इनमे चश्मा, श्रवण यन्त्र, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, पीएम आवास की चाबी, नैनो यूरिया, राशन कार्ड,स्वामित्व कार्ड,किसान किताब, चेक, आइस बॉक्स व जाल, खेल किट, ट्रायसिकल, छड़ी आदि शामिल हैं।

## मोदी-साय की डबल इंजन सरकार ने छग में विकास की नई गाथा लिखी



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के 12वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान धरसींवा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नीलजा और सारागांव में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के साथ उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड अंजय शुक्ला ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के घर जाकर मुलाकात कर श्रीफल, पुष्पगुच्छ और शॉल देकर उनका सम्मान किया। साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। ग्राम पंचायत नीलजा में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान, गांव के समाज के प्रमुखों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात नीलजा में भाजपा कार्यकर्ता के घर दोपहर भोजन करने के बाद सारागांव में जनसंपर्क कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं, विभिन्न समाज के प्रमुख का श्रीफल, शॉल, पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय सम्मान कर मुलाकात की। जनसंपर्क कार्यक्रम में मछुवारा कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. लखन धीवर, जनपद पंचायत धरसींवा के उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे, समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हॉटल अमृतसरी सील, 1 लाख जुर्माना बाथरूम से लगे मटके में बिरयानी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**




नगर निगम ने घड़ी चौक के पास स्थित हॉटल अमृतसरी को कई साल की बकाया राशि नहीं चुकाने और सफाई में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर सील कर दिया है। हॉटल संचालक पर निगम ने 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। हॉटल के किचन में भी भारी गंदगी पाई गई, बाथरूम से लगे मटके में बिरयानी रखी मिली। नगर निगम की टीम ने हॉटल में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई खामियां सामने आईं। जांच के दौरान हॉटल परिसर में भारी गंदगी, सड़क पर किचन संचालित करना और अस्वास्थ्यकर माहौल में भोजन तैयार करने जैसी लापरवाही मिली। घड़ी चौक के पास स्थित हॉटल अमृतसरी को नगर निगम ने पूर्व में नोटिस देने के बाद भी स्वच्छता रखने के मामले में अनदेखी किया जाना पाया। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर निगम की टीम ने तत्काल हॉटल अमृतसरी को सीलबंद कर दिया। संबंधित हॉटल संचालक ने एक अरसे से नगर निगम को बकाया टैक्स की राशि भी जमा नहीं कराई थी। नगर निगम जोन 4 स्वास्थ्य विभाग ने गोलबाजार, मालवीय रोड सहित मुख्य बाजार क्षेत्र में 17 दुकानों में गंदगी मिलने पर 18 हजार रुपए जुर्माना किया। इसी तरह जोन 4 के ही नगर निवेश विभाग ने 25 दुकानदारों द्वारा सड़क पर कब्जा करने पर संबंधित दुकानदारों से सड़क बाधा शुल्क के रूप में 50 हजार रुपए वसूले। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन 4 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद चंद्राकर, जोन सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू की उपस्थिति में अभियान चलाया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने बिच्छू दंश के शिकार बुजुर्ग की बचाई जान



**गिधौरी**। समाज में पुलिस की छवि को और अधिक मानवीय और सेवाभावी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उदाहरण पेश करते हुए थाना गिधौरी क्षेत्र में तैनात डायल 112 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बुजुर्ग की जान बचाई। 15-16 जून की मध्यरात्रि लगभग 12.30 बजे, डायल 112 को क्षेत्र में एक आपातकालीन कॉल प्राप्त हुई। कॉल पर जानकारी दी गई कि एक बुजुर्ग व्यक्ति को बिच्छू ने काट लिया है और उन्हें तत्काल चिकित्सीय सहायता की आवश्यकता है। डायल 112 वाहन, जिसमें उस समय ड्यूटी पर आरक्षक कमलेश बर्मन थाना गिधौरी एवं चालक रूपेश साहू तैनात थे, इन्हें जैसे ही इवेंट की सूचना मिली, वे बिना किसी देरी के घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। घटनास्थल पर पहुँचकर आरक्षक कमलेश बर्मन ने कॉलर से बात की और स्थिति की गंभीरता को समझा। बिच्छू दंश के शिकार बुजुर्ग की पहचान भुनेश्वर सांडे, उम्र 80 वर्ष के रूप में हुई। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, टीम ने उन्हें तुरंत डायल 112 वाहन में बिठाया। रात के सन्नाटे और आपातकालीन परिस्थिति में, पुलिस टीम ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बरपाली पहुंचाया।

अस्पताल में भर्ती और उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरपाली पहुँचकर, पुलिस टीम ने बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत उनका इलाज शुरू कर दिया। समय पर अस्पताल पहुँचने और त्वरित उपचार मिलने के कारण बुजुर्ग की हालत अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं।

### डीजीएमएस के 125वें वर्ष पर पौधारोपण हुआ



**बलौदाबाजार**। खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के 125वें स्थापना दिवस पर बुधवार को डीजीएमएस के तत्वावधान में अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स द्वारा कुकुरडीह लाइमस्टोन खदान में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित पहल को बढ़ावा देना तथा प्राकृतिक संतुलन के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गौरव लड्डा ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर अभिषेक भारद्वाज एवं जय कुमार सचदेवा सहित अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के लगभग 50 पौधों का रोपण किया। पौधों का चयन पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा जैव विविधता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि गौरव लड्डा ने पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### पांच दिवसीय योग दिवस का शुभारंभ



**गिधौरी**। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय योग क्लास का शुभारम्भ 17 मई को राजमहंत पी के घृतलहरे की उपस्थिति में किया गया। योगाभ्यास सुबह 9 बजे तक चलेगा। 21 मई को नगर के समस्त शैक्षिक संस्थाओं के साथ एक साथ मिल कर समापन होगा। विदित हो कि योग हमारे स्वस्थ जीवन का आधार स्तम्भ है, इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाकर स्वस्थ व दीर्घायु बने।

बच्चों को स्वच्छ वेशभूषा के साथ नियमित स्कूल आने पढ़ाई के प्रति जागरूक रहने एवं सदैव अनुशासन में रहने के लिए प्रोत्साहित किया

# प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुलोचना यादव एवं विशिष्ट अतिथि प्रशांत यादव, सरपंच लुकेश्वर वर्मा, हलधर वर्मा, गिरवर वर्मा, रमेशरी वर्मा, भास्कर वर्मा, गांव के पंचगण की उपस्थिति में किया गया। बच्चों द्वारा स्वागत गीत के साथ साथ विविध संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को सम्मान स्वरूप राशि भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। साथ ही उनके द्वारा खेल सामग्री क्रय हेतू राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण कर उनका स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी नवप्रवेशी बच्चों के साथ साथ सभी बच्चों को स्वच्छ वेशभूषा के साथ नियमित स्कूल आने पढ़ाई के प्रति जागरूक रहने एवं सदैव अनुशासन में रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। संकुल समन्वयक समारू दास बांधे द्वारा विद्यार्थियों को दी जाने शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। रसोईया द्वारा न्योता भोज आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को खीर पूरी, सब्जी, आचार, पापड़ भजिया, सलाद एवं मिठाई आदि वितरण किया गया। कार्यक्रम में सचिव जितेन्द्र कुमार जायसवाल, हेमलाल वर्मा, पंच में संतोष वर्मा, गायत्री वर्मा, जानकी वर्मा, क्रांति वर्मा, पालकों में योगेश वर्मा, पारस वर्मा, संजय टंडन, उत्तरा कुमार यदु, शिक्षकों में लोमश कुमार कोसरे, विनोद कुमार पटेल, नरेंद्र कुमार साहू, अरुण कुमार रात्रे, शिक्षिका सुकृता सेन, सुनीता ध्रुव, ज्यामिती यदु, दीपमाला तिवारी, हुलसी वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्राथमिक स्कूल में प्रवेशोत्सव मना



**बिलाईगढ़** । नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर प्राथमिक शाला बांसउरकुली में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रधान पाठक विनोद कुमार डड़सेना द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों एवं पालकों में नए शिक्षा सत्र को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि श्री रामकिशन सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का सशक्त आधार है तथा प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रधान पाठक श्री विनोद कुमार डड़सेना ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को नवीन शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, शासन की विभिन्न छात्रहितैषी योजनाओं तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने पालकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक जीतेंद्र गिरि गोस्वामी, शिवकुमार बंजारे, सरिता कहार एवं ज्योति खड़िया ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया तथा नए सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को उत्साहपूर्वक अध्ययन करने एवं अनुशासन का पालन करने का संदेश दिया गया।

## हाई स्कूल खम्हरिया में शाला प्रवेशोत्सव मना



**गोपालपुर**। विकास खंड बिलाईगढ़ के अन्तर्गत शा.प्रा.शाला/माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल खम्हरिया में प्रवेशोत्सव मनया गया। नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर मुंह मिठा कर गणवेश वितरण किया गया। प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में शासन द्वारा पुस्तक नहीं आने के कारण पुस्तक वितरण नहीं की गई। हाई स्कूल में शत प्रतिशत पुस्तक आने वितरण किया गया है। छोटे बच्चों को पुस्तक नहीं मिलने के कारण पालकों में शासन के प्रति नाराज़गी ज़ाहिर की है। कार्यक्रम में प्राचार्य -समस्त स्टाफ एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं समिति के सदस्य मौजूद थे।

## हायर सेकंडरी टुण्डरा में शाला प्रवेश उत्सव मना



**गिधौरी**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टुण्डरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष छतराम साहू, राजतमंत पीके घृतलहरे, पार्षद सत्यनारायण पटेल, महेंद्र सिंह बारले, हेमलाल बंजारे, राहुल बारले, डॉ. नागेंद्र देवांगन, अमृतलाल साहू, प्राचार्य टीएल पटेल, आर एल जायसवाल, आरएन देवांगन, व्ही के डडसेना, पीके नायक, पी के साहू, आशीष पटेल, विष्णु दास, सुनील देवांगन, सुनील साहू, सत्यप्रकाश याद्व, एस सोनी, के चेलक, जे आथोड़े, प्रेमलता पटेल, ममता वर्मा, एस एस कर्मशील, सीताराम पटेल सहित छात्र -छात्राएं उपस्थित थी। अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल टीका लगाकर स्वागत किया गया। सभी छात्र क्षात्राओं को शासकीय पुस्तकें निः शुल्क वितरित किये गये। प्राचार्य ने दसवीं बारहवी बोर्ड परीक्षा में अधिकांश बच्चे अच्छे अंकों के साथ पास हो कर शाला को गौरवान्वित किये हैं। अतिथियों ने बच्चों को अनुशासित रह कर कडी मेंहनत करने प्रोत्साहित किये एवं पालकों को अपने बच्चे शासकीय स्कूलों में अधिक से अधिक भेजने अपील की।

## राज्य सरकार ने फोटो प्रदर्शनी में गिनाईं उपलब्धियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को नगर भवन, बलौदाबाजार में किया गया। 16 से 18 जून तक आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिनका लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी आमजन को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से अवगत कराने का प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, कार्यशैली और देश के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त करने की अपील की। प्रदर्शनी में पिछले 12 वर्षों के दौरान आधारभूत संरचना, डिजिटल भारत, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों को आकर्षक चित्रों और जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। साथ ही एलईडी स्क्रीन के जरिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी भी दी जा रही है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, टेसू लाल धुरंधर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीएम मोदी के 12 साल पूर्ण पर लगी छायाचित्र प्रदर्शनी



**बिलाईगढ़**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क विभाग द्वारा अटल परिसर सारंगढ़ में आयोजित 3 दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी बुधवार से शुरू हुई। इस दौरान बच्चों ने प्रदर्शनी के समक्ष सेल्फी और सामूहिक फोटो भी ली। शिक्षक सत्येंद्र बसंत की अगुवाई में स्कूली शिक्षक और छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किये गए कार्य के अनेक बिंदुओं राष्ट्र निर्माण, राष्ट्र प्रथम, विश्वबंधु, मेरा स्टार्टअप, विकसित भारत का संकल्प से सजे छायाचित्र प्रदर्शनी और एलईडी में प्रसारित वीडियो से देश के विकास की वीडियो क्लिप का अवलोकन किया गया। साथ ही जनसंपर्क विभाग की जनमन सहित विभिन्न विभागीय पत्रिका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के भाषणों का अंश पुस्तक का भी वितरण किया गया। छायाचित्र प्रदर्शनी सुबह 11 से रात 9 बजे तक किया जा रहा है, जिसका समापन गुरुवार क्रो होगा।

## डॉ. रमन सिंह गोलछा निवास पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



- परिवारजनों एवं कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ऑडिटोरियम लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच समय निकालकर शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एवं संजय वार्ड पार्षद श्रेणिक गोलछा के निवास पहुंचकर परिवारजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों का कुशलक्षेम जाना तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा की।

डॉ. रमन सिंह लगभग आधे घंटे तक वहां रहे। गोलछा परिवार से उनका वर्षों पुराना आत्मीय संबंध रहा है , उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार और सहज व्यक्तित्व ने उपस्थित सभी लोगों को भावुक एवं गौरवान्वित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, राकेश तिवारी, सुनील यदु, योगेश अनंत तथा आशीष जायसवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. रमन सिंह का स्वागत कर उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। गोलछा निवास में मुलाकात के उपरांत युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अविनाश शर्मा के नेतृत्व में शिवरतन शर्मा के साथ डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट की। इस दौरान युवाओं ने उनका अभिनंदन करते हुए संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। युवाओं में विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। डॉ. रमन सिंह का यह आत्मीय प्रवास न केवल पारिवारिक संबंधों की गरिमा का प्रतीक रहा, बल्कि कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ उनके गहरे जुड़ाव को भी प्रदर्शित करता है।

## नशा मुक्त भारत अभियान 17 से 26 जून



**बिलाईगढ़**। नशा मुक्त भारत अभियान 17 से 26 जून अंतर्गत बुधवार क्रो कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ के सभाकक्ष में नशा मुक्ति का संकल्प अधिकारियों ने लिया। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा देश में मादक पदार्थों की मांग में कमी हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना लागू की गयी है, जिसका उद्देश्य आम जनमानस को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक एवं शिक्षित करना है। 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के महत्व को ध्यान में रखते हुये नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान विषय- वस्तु पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर नशे के विरूद्ध योग फॉर वेलनेस कार्यकम का आयोजन किया जाएगा। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामूहिक शपथ कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नशामुक्ति संबंधित सामूहिक शपथ, पोस्टर निर्माण, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, साइकिल या बाइक रैली, योग सत्र, जागरूकता अभियान आदि का आयोजन कराया जाएगा। इस कार्यकम में स्वयंसेवक, पंचायती राज संस्थाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों सहित अन्य जमीनी स्तर की संस्था की सहभागिता रहेगी।

## अविश्वास प्रस्ताव में तुरमा सरंपच की कुर्सी गई, पंच वर्षा टंडन को दिया गया अस्थायी प्रभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

बलौदाबाजार ब्लॉक के ग्राम पंचायत तुरमा की सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। अविश्वास प्रस्ताव पास होने के बाद पूर्व सरपंच फुलेश्वरी बंजारे को पदमुक्त कर दिया है। वर्तमान में स्थानापन्न सरपंच के रूप में पंच वर्षा टंडन को सभी पंचों द्वारा निर्विरोध सरपंच पद के लिए चुना गया। उक्त सरपंच पद पर श्रीमती टंडन केवल 6 माह के लिए अस्थायी तौर पर चुनी गई है।

विदित हो कि सरपंच फुलेश्वरी बंजारे की कार्यशैली से 9 पंच नाराज चल रहे थे। इसी वजह से पंचों द्वारा पंचायत राज अधिनियम की धारा 21 के तहत 8 बिन्दुओं में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। इसमें पंचायत राज अधिनियम की धारा 21 के तहत 8 बिन्दुओं पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। सरपंच द्वारा पंचायत मद का कोई भी हिसाब आय-व्यय के संबंध में पंचगणों को जानकारी नहीं दिया जाता है। सरपंच पंचों के प्रति तानाशाही रवैया रखता है, प्रत्येक कार्यों में सरपंच का हस्तक्षेप करता है। महिला सरपंच अपने पति पुछे बगैर कोई भी जानकारी नहीं देती है। सरपंच फुलेश्वरी बजारे जनहित के कार्यों में रूचि नहीं लेती है। बिना पंचायत प्रस्ताव के मुलभूत राषि को आहरण कर दुरूपयोग किया जा रहा है। जिसकी जानकारी पंचों को नहीं दिया जाता है।

जानकारी मांगे जाने पर सरपंच पति द्वारा धमकी दी जा रही थी। निर्वाचन अधिकारी के आदेश का पालन करते हुए सभी पंचों ने सर्वसम्मति से पंच वर्षा टंडन को स्थानापन्न सरपंच नियुक्त किया। जहां पंचगण वर्षा टंडन, लिल्लामति वती साहू, नन्की बंजारे, मानकुमारी साहू, बालमूकून साहू (उपसरपंच) उत्तर टंडन, निरा पैकरा, बिनोद साहू, शिवकुमारी प्रजापती, डेविड प्रजापति , कमलाबाई पटेल ग्रामीणों ने हर्ष जताया ।

मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# संयंत्र से नकटा तालाब की सफाई और सीएसआर कार्यों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



ग्राम रसेड़ा के ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत ने सीमेंट प्लांट ग्राम सोनाडीह प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर नकटा तालाब की तत्काल सफाई तथा पूर्व में किए गए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व संबंधी वादों को पूरा करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में 25 जून को कंपनी के बैरियर गेट से खैदा-लटुवा मार्ग के मध्य नकटा तालाब के सामने चक्काजाम एवं धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम रसेड़ा स्थित नकटा तालाब क्षेत्र का प्रमुख निस्तारी स्रोत है, जो प्लांट के भारी वाहनों के आवागमन और प्रदूषण के कारण प्रभावित हो रहा है। तालाब में बड़ी मात्रा में कीचड़ जमा होने से इसकी जल संग्रहण क्षमता कम हो गई है, जिससे जल संकट की स्थिति बनने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तालाब पर ग्राम रसेड़ा की लगभग पूरी आबादी तथा समीपस्थ ग्राम रासेडी की करीब आधी आबादी निस्तारी कार्यों के लिए निर्भर है।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से तालाब की सफाई की मांग लगातार उठाई जा रही है, लेकिन अब तक केवल औपचारिक पहल ही की गई है। उनका आरोप है कि तालाब में बढ़ते गाद और कीचड़ के कारण जल स्रोत प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन ने वर्ष 2021 में सीएसआर मद के तहत तालाब गहरीकरण, फेंसिंग, आंतरिक सड़क का कंक्रीटीकरण, स्ट्रीट लाइट स्थापना सहित अन्य विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इनमें से अधिकांश कार्य पूरे नहीं किए गए हैं।

ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने मांग की है कि आवेदन प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर नकटा तालाब की संपूर्ण सफाई कराई जाए तथा लंबित विकास कार्यों को प्रारंभ किया जाए। अन्यथा 25 जून को व्यापक स्तर पर चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।